जागरण

# नकली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश, हड़कंप

Publish Date:Sat, 31 Aug 2019 06:20 AM (IST)

संवाद सहयोगी, गढ़मुक्तेश्वर:

नकली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश होने पर गोवा और स्थानीय पुलिस ने बड़े ही गोपनीय ढंग में सपा नेता को उनके आवास से गिरफ्तार किया। ग्रामीण और परिजन कोई हंगामा न कर पाएं, इस लिहाज से देर रात का समय चुनने के साथ ही दो बार गश्त भी की गई।

पिकनिक मनाने के दौरान गोवा की राजधानी पणजी के कैसीनो में 55 हजार की नकली करेंसी के साथ पकड़ में आए मेरठ के मीट कारोबारी मोहम्मद शादाब को गोवा पुलिस ने दो दिन पहले रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोपित से मिली अहम जानकारी के आधार पर गोवा पुलिस बृहस्पतिवार को ही हापुड़ मुख्यालय में पहुंच गई थी। जहां आला अफसरों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराने के बाद सपा नेता मुजम्मिल हयात को बेहद गोपनीय ढंग में गिरफ्तार करने की योजना तैयार की गई थी। जिसके आधार पर हापुड़ एसओजी टीम समेत गोवा और स्थानीय पुलिस ने रात के अंधेरे में तीन बार सपा नेता के मकान की रेकी की थी। धरपकड़ के दौरान परिजन और ग्रामीण कोई हंगामा न कर पाएं, इसकी रोकथाम के लिए देर रात का समय चुनकर रात होने पर दो बार पुलिस ने गांव में सपा नेता के घर के आसपास गश्त भी की थी। नकली नोटों के धंधे से जुड़े तार गढ़ क्षेत्र से जुड़े होने पर सपा नेता से करीब रहने वाले कई अन्य लोग भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन समेत क्राइम ब्रांच के रडार पर बताए जा रहे हैं।

गोवा में हुए नकली नोटों के धंधे का पर्दाफाश करने वाली गोवा पुलिस मोहम्मद शादाब और सपा नेता मुजम्मिल हयात के पकड़ में आने के बाद अब उनके करीबियों समेत बिजनौर के कस्बा चांदपुर के एक मीट कारोबारी की तलाश भी कर रही है। गोवा पुलिस का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक प्रशांत भगत का कहना है कि नकली नोटों का धंधा बड़े स्तर पर चल रहा था। जिसका पर्दाफाश होने पर अब इसमें संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सपा नेता के परिजन समेत गांव दौताई के ग्रामीण आरोपित को पूरी तरह बेगुनाह बताकर साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाए जाने का आरोप लगा रहे हैं।

--------------

कई सफेदपोश भी निशाने पर

गांव दौताई से सपा नेता मुजम्मिल की गिरफ्तारी होने से परिजन और ग्रामीण अचंभित हैं। ईंट भट्ठा और लकड़ी की खरीद-फरोख्त समेत प्रोपर्टी खरीदने-बेचने का कारोबार करने वाले सपा नेता मुजम्मिल हयात और उनके परिवार का शुमार गणमान्य परिवारों में होता है, जिसके चलते आम लोगों में गोवा पुलिस की कार्रवाई को लेकर अलग-अलग चर्चा चल रही हैं। हालांकि आज तक उनके खिलाफ कभी कोई गंभीर मामला सामना नहीं आया है।

-------------

कई संगीन धाराओं में हो सकती है कार्रवाई

नकली नोटों के धंधे से जुड़े लोगों की शामत आ सकती है, क्योंकि नकली नोटों के धंधे के साथ ही गोवा पुलिस उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम समेत कई संगीन धाराओं में भी कार्रवाई कर सकती है। गोवा पुलिस का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक प्रशांत भगत का कहना है कि नकली नोटों का धंधा करना बेहद संगीन और बड़ा जुर्म है। इसलिए आरोपितों के खिलाफ कई दूसरी संगीन धाराओं में भी कार्रवाई हो सकती है।

-------------

ट्रांजिट रिमांड पर नहीं हो सकी सुनवाई

गोवा और स्थानीय पुलिस शुक्रवार की शाम सपा नेता को चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए सीएचसी में ले गई। जहां सपा नेता ने खुद को दिल और शुगर समेत कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित बताया, जिसके चलते उक्त बीमारियों के चिकित्सक मौके पर मौजूद न होने से मेडिकल जांच नहीं की जा सकी। गोवा पुलिस ने पांच दिनों का ट्रांजिट रिमांड मांगते हुए स्थानीय अदालत में आवेदन किया था, लेकिन चिकित्सीय परीक्षण न होने से स्थानीय अदालत में ट्रांजिट रिमांड पर कोई सुनवाई नहीं हो पाई। गोवा पुलिस के उपनिरीक्षक प्रशांत भगत ने बताया कि गढ़ सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण न होने पर आरोपित सपा नेता को जिला अस्पताल हापुड़ को ले जाया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hapur-city-sapa-leader-arrest-19534137.html